ACE/law/21-22/160

01/6/2022


# डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय जयपुर

**(A State Funded University of Rajasthan)**

"रूसा भवन", शिक्षा संकुल, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर–302015

www.alujaipur.ac.in E-mail: registrar@alujaipur.ac.in


क्रमांक : 4(3) परीक्षा /अविवि/2020–21/ 1346 दिनांकः 31.5.2022

प्राचार्य /निदेशक, समस्त सम्बद्ध विधि महाविद्यालय,
डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय,
जयपुर

विषय :– सत्र 2021–22 की परीक्षाओं हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश।

संदर्भ :–संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग, राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांक प. 3(7)शिक्षा–4/2014 पार्ट दिनांक 30.03.2022

महोदय,

उक्त विषयान्तर्गत एवं सन्दर्भित पत्र के क्रम में विश्वविद्यालय के सक्षम स्तर पर लिए गये निर्णयानुसार शैक्षणिक सत्र 2021–22 की समस्त (स्नातक/स्नातकोत्तर/सेमेस्टर/डिप्लोमा) की परीक्षायें निम्न आवश्यक दिशा–निर्देशानुसार आयोजित होगी :–

शैक्षणिक सत्र 2021–22 की विश्वविद्यालय की समस्त(स्नातक/स्नातकोत्तर/सेमेस्टर/डिप्लोमा) परीक्षायें माह जुलाई, 2022 में होना संभावित है। परीक्षा केन्द्र, पाठ्यक्रमवार विस्तृत परीक्षा टाईम–टेबल व अन्य आवश्यक दिशा–निर्देश पृथक से जारी किए जावेंगे। समस्त परीक्षार्थीओं को सूचित किया जाता है कि वे संभावित तिथियों को ध्यान में रखकर अपनी परीक्षा तैयारी पूर्ण मनोयोग से करें। शैक्षणिक सत्र 2021–22 कोविड–19 वैश्विक महामारी के कारण यथा समय प्रारम्भ ना होकर विलम्ब से प्रारम्भ होने को मध्यनजर रखते हुए परीक्षा समयावधि पाठ्यक्रमानुसार 3:00 घण्टे (तीन घण्टे) के स्थान पर परीक्षा समयावधि 2:00 (दो घण्टे) घण्टे निर्धारित की जाती है। परीक्षार्थी को प्रत्येक प्रश्न–पत्र में दिए गये कुल पूर्णांक के 50 प्रतिशत प्रश्नों को हल करना होगा। **स्पष्टीकरण–** प्रत्येक प्रश्न पत्र में कुल छः (06) प्रश्न होंगे, जिसमें से परीक्षार्थी को तीन (03) प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। परिणाम गणना छात्र के प्राप्तांक, 60 अंक (प्रश्न–पत्र के अधिकतम अंक) व परीक्षा स्कीम अनुसार प्रश्न–पत्र के अधिकतम अंक के अनुपात में की जावेगी।

प्रश्न–पत्र में विकल्प जैसेः– यूनिट/इकाई अनुसार प्रश्न नहीं पूछे जावेंगें, लेकिन प्रश्न–पत्र में दिए गये प्रश्न सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को कवर करते हुए पूछे जावेंगे। परीक्षार्थियों को प्रत्येक प्रश्न–पत्र में दिये गये कुल पूर्णांकों के 50 प्रतिशत प्रश्नों को ही हल करना होगा (छः में से 3 प्रश्न)। परीक्षार्थी द्वारा उक्त निर्धारित अंक सीमा से अधिक प्रश्नों को हल करने पर अतिरिक्त प्रश्नों के हल को स्वीकार नहीं किया जावेगा। ऐसी स्थिति में परीक्षार्थी द्वारा उत्तर–पुस्तिका में हल किए गये सर्वोत्तम 3 प्रश्नों को ही निर्धारित अंक सीमा तक स्वीकार किया जायेगा।

सत्र 2021–22 की समस्त प्रायोगिक परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त बाह्य परीक्षकों से परीक्षार्थियों के द्वारा पाठ्यक्रम में अंकित स्कीम अनुसार जमा करवाई गई प्रायोगिक फाईल/असाइनमेंन्ट के आधार पर ही आयोजित करवाई जायेगी। इस सम्बंन्ध में नियमित रूप से अध्ययनरत परीक्षार्थी संबंधित महाविद्यालय/विभाग के निर्देशन में प्रायोगिक फाईल/असाइनमेंन्ट तैयार कर जमा करवायेंगें। प्रत्येक महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र द्वारा परीक्षार्थीयों की फाईल/असाईनमेंन्ट जमा करते समय व उनकी प्रायोगिक परीक्षा दिवस पर परीक्षार्थी की उपस्थिति आवश्यक रूप से दर्ज करवायी जावेगी। जिसकी एक प्रति विश्वविद्यालय को प्रेषित किया जाना अनिवार्य होगा। जिन प्रायोगिक विषयों में केवल Presentation, Viva-Voce & Seminar का आयोजन होता है, उन विषयों की प्रायोगिक परीक्षाओं का आयोजन ऑफलाईन प्रणाली के माध्यम से संबंधित महाविद्यालय/विभाग द्वारा बाह्य परीक्षकों के माध्यम से किया जाना है। जिन पाठ्यक्रमों में आन्तरिक परीक्षा का आयोजन किया जाना है, उन

31/5/22

31.5.22

(1) Notice Board
(2) Website
(3) Law Dept / on groups

----2

डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय जयपुर
(A State Funded University of Rajasthan)
"रूसा भवन", शिक्षा संकुल, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर–302015
www.alujaipur.ac.in E-mail: registrar@alujaipur.ac.in

पाठ्यक्रमों में प्रायोगिक फाईल/असाइनमेंन्ट/पाठ्यक्रम में निर्धारित विधि अनुसार ऑफ लाईन टेस्ट के आधार पर मूल्यांकित किया जायेगा।

परीक्षार्थीयों द्वारा जमा करवाई गई प्रायोगिक फाईल/असाइनमेंन्ट के आधार पर प्रायोगिक परीक्षा का मूल्यांकन करने हेतु बाह्य परीक्षकों की सूची शीघ्र ही विश्वविद्यालय पोर्टल के कॉलेज पैनल पर या अन्य उचित अधिकृत माध्यम से सूचित की जावेगी।

साथ ही महाविद्यालय, छात्र/छात्रा परीक्षा संबंधी समय–समय पर जारी दिशानिर्देशों व अन्य सूचनाओं हेतु वि.वि. वेबसाईट के सतत् सम्पर्क में रहें। वि.वि. द्वारा समस्त सूचनाऐं वि.वि. की अधिकृत वेबसाईट https://www.alujaipur.ac.in पर अपलोड की जावेंगी।

महाविद्यालय अपने नोटिस बोर्ड पर इस पत्र की प्रति छात्रों के सुलभ संदर्भ हेतु चस्पा करावें। साथ ही महाविद्यालय की वेबसाईट व अन्य उचित माध्यम से अपने महाविद्यालय के समस्त छात्रों को सूचित किया जाना सुनिश्चित करेंगें।

**नोट :–** महाविद्यालय व सम्बन्धित छात्र/छात्रा जिनके द्वारा वि.वि. परीक्षाओं का परीक्षा फॉर्म भरा गया है, लेकिन उनके फॉर्म के साथ आवश्यक अर्हता दस्तावेज यथा माइग्रेशन प्रमाण–पत्र, अर्हता कक्षा अंकतालिका, जन्म प्रमाण–पत्र, आई डी प्रुफ व अन्य वांछित दस्तावेज आदिनांक तक वि.वि. में प्रस्तुत नहीं किये गये हैं, वे विश्वविद्यालय द्वारा नियत तिथि (परीक्षा फार्म भरने के कार्यक्रम नोटिस द्वारा नियत) के भीतर संबंधित महाविद्यालय से अग्रेषित कराकर वि.वि. में जमा करवाया जाना सुनिश्चित करें। वांछित दस्तावेजों के अभाव में छात्र/छात्रा की अर्हता सुनिश्चित नहीं की जा सकेगी व उसे आगामी परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जावेगी।

धन्यवाद!

भवदीय
31/5/22
(डॉ. नीरज जैन)
परीक्षा नियंत्रक
डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय,
जयपुर (राज.)

क्रमांक : 4(3) परीक्षा /अविवि/2020–21/ 1347 to 1355 दिनांक: 31-5-22.
प्रतिलिपि: निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. अधिष्ठाता विधि, डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर।
2. कन्वीनर, एडहॉक सीओसी विधि, डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर।
3. परामर्शदाता (विधिक शिक्षा/एस.एम.ए.), डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर।
4. वित्त नियंत्रक, डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर।
5. ए.सी.पी., डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर – कृपया पत्र को वि.वि. वेबसाईट पर अपलोड करें।
6. निजी सहायक कुलपति/निजी सहायक कुलसचिव, डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर।

31/5/22
परीक्षा नियंत्रक

# Aishwarya College

JODHPUR | PALI

ACE/law/Gen/21-22/023

01/6/2022

# Notice

## LL.B & B.A LL.B Students

Date: - 1st June 2022

सभी स्टूडेंट्स को सूचित किया जाता है की डॉ भीम राव अम्बेडकर लॉ यूनिवर्सिटी जयपुर द्वारा परीक्षाओ का आयोजन जुलाई 2022 मे प्रस्तावित है अतः आप नियमित रूप से असाइनमेंट व् अन्य इंफॉर्मेशंस के लिए कॉलेज के नोटिस बोर्ड व् कॉलेज की वेबसाइट को रेगुलर विजिट करते रहे ।

यदि आप की कॉलेज फीस Due है तो उसका भुगतान आप 15 जून तक करे, NO Dues के बिना आप एग्जाम फॉर्म फिल नहीं कर सकेंगे ।

1.6.22

प्राचार्य

ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एजुकेशन लॉ

जोधपुर

Forward to-

- Website/Notice Board
- CR Group
- Accounts Department

Scanned with Oken Scanner